पेज 1 और

सुरेश, प्रेम शर्मा, सुंदरलाल बिठवाना, शैलेंद्र सतीजा, डा. सुभाष, शक्ति सिंह, उत्तम यादव, सुभाष यादव, नरेंद्र यादव, सुदामा कतोपुरी, अशोक नंबरदार, गजराज पंच, यशोधन शर्मा, टेकचंद यादव, सुखबीर रोहड़ाई, गोपीराम यादव, बालकिशन यादव, अभय सिंह यादव, चौ. दलीप सिंह, राजपाल चौधरी, रामकुंवार चौधरी, चौ. हवा सिंह, कृष्ण जांगड़ा समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री... का एक अनोखा संग्रहालय भी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत बहुत पुरानी है। महाभारत के समय में हमारी सभ्यता और संस्कृति बहुत विकसित थी। हम पुरानी चीजों से सीखकर भविष्य में आगे बढ़ते रहे हैं। इस संग्रहालय के निर्माण में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय आर्थिक सहयोग दिया है। हरियाणा सरकार से भी जो सहयोग मांगा गया है, वह मिला है और आगे भी मिलता रहेगा। इस अनोखे प्रयास की सफलता की कामना करते हुए श्री हुड्डा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इसे देखने के लिए देश के विभिन्न भागों से लोग आएंगे और एक दिन यह बहुत ही लोकप्रिय हो जाएगा।

इस अवसर पर हरियाणा के परिवहन मंत्री आफताब अहमद भी मौजूद थे। उन्होंने इस प्रकार का संग्रहालय बनाने की सोच की बहुत प्रशंसा की और कहा कि सरकार इस तरह के नवीन प्रयासों में सभी संभव सहायता करेगी। संग्रहालय की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय मेवात की ही नहीं, हरियाणा के विकास की एक नई पहचान बनेगा।

यह संग्रहालय हैरीटेज ट्रांसपोर्टेशन ट्रस्ट द्वारा स्थापित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य परिवहन के इतिहास की धरोहर को संभाल कर रखना और दर्शकों को और विशेषकर रूप से बच्चों को परिवहन के साधनों के विकास के बारे में जानकारी देना है।

इस अवसर पर सीएम के मीडिया सलाहकार शिव भाटिया, पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद, कांग्रेस नेता एजाज अहमद, उपायुक्त विनय सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अनिल धवन आदि उपस्थित थे।

आफताब...एक वेटिंग रूम बनाने व शवगृह में कूलिंग सिस्टम के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस दौरान सीएमओ डा. बी.के. राजौरा, एसएमओ डा. रंगा, पीसीसी मेंबर महताब अहमद, आसिफ चंदेनी, अरशद टाई, नईम इकबाल सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता व अस्पताल का स्टाफ मौजूद था।